प्रेषक,

हरिश्चन्द्र
अपर सत्र न्यायाधीश/
एफ.टी.सी.कोर्ट सं02
बलिया।

सेवा में,

महानिबंधक
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद।

द्वारा,

जनपद न्यायाधीश
बलिया।

विषय: **ज्योतिलिंग श्री पशुपतिनाथ जी के दर्शन हेतु काठमाण्डू,नेपाल जाने की अनुमति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी ग्रीष्मकालीन अवकाश/रेसिस में दिनांक 12.6.2023 से दिनांक 21.6.2023 के मध्य तीन–चार दिनों के लिए (दिनांक 13.6.2023 से दिनांक 17.6.2023 तक)अपने माता व परिवार को ज्योतिलिंग श्री पशुपतिनाथ जी के दर्शन कराने हेतु काठमाण्डू,नेपाल जाना चाहता है। इस हेतु माननीय न्यायालय की अनुमति की आवश्यकता है।

विनम्र निवेदन है कि मेरी विदेश यात्रा से भारत सरकार या उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष कोई दुविधा/संकट की स्थिति उत्पन्न होने की सम्भावना नही है। पूर्व में प्रार्थी कभी विदेश यात्रा नहीं किया है न ही विदेश यात्रा विषयक प्रार्थी के निवेदन को कभी माननीय न्यायालय द्वारा इंकार किया गया है। उपरोक्त यात्रा पर आने वाले अनुमति खर्च लगभग अंकन 30,000/–रूपये मेरे द्वारा अपने वेतन बचत खाते से वहन किये जायेगे।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी को अपने परिवार/माता के साथ ज्योतिलिंग श्री पशुपतिनाथ जी के दर्शन/पूजन करने हेतु ज्योतिलिंग श्री पशुपतिनाथ जी काठमाण्डू,नेपाल जाने की अनुमति प्रदान करने हेतु प्रस्तुत प्रार्थनापत्र को माननीय न्यायालय के समक्ष रखने की महती कृपा करें।

प्रार्थी आपका आजीवन आभारी रहेगा।
सादर।

भवदीय,
22-5-23
(हरिश्चन्द्र)
अपर सत्र न्यायाधीश,
एफ.टी.सी.कोर्ट सं0 2
बलिया।

दिनांक 22.5.2023